Series &RQPS

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **72**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **7** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# COMMERCIAL ART (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

**सामान्य निर्देश :**

* **खंड – अ**

  **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है ।)

* **खंड – ब**

  **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।)

* **खंड – स**

  किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं ।)

## खंड – अ $8 \times 1 = 8$

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(क) "हम्जानामा" किसकी देख-रेख में चित्रित हुआ ? **1**

(i) दसवन्त और बसावन

(ii) साहिबद्दीन और रुकनुद्दीन

(iii) मीर सैय्यद अली और अब्दुसमद

(iv) मिस्कीन और अबुल हसन

(ख) कौन सी एक दक्खिनी उप-शैली नहीं है ? **1**

(i) गोलकुंडा (ii) हैदराबाद

(iii) बीजापुर (iv) काँगड़ा

(ग) एम.ए.आर. चुगतई द्वारा बनाए गए चित्र "राधिका" का क्या माध्यम है ? **1**

(i) वॉश एण्ड टेम्परा कागज पर (ii) ऑयल केनवस पर

(iii) ऐक्रलिक रंग (iv) गोचै पेपर पर

**General Instructions :**

* **SECTION – A**

  Attempt **all** questions. (Each Question will carry **1** mark.)

* **SECTION – B**

  Attempt **all** questions. (Each Question will carry **2** marks.)

* **SECTION – C**

  Attempt any **two** questions. (Each Question will carry **6** marks.)

## SECTION – A $8 \times 1 = 8$

### (Multiple Choice Questions)

1. Select the right option from the given options :

(A) Who supervised the creation of "Hamza Nama" ? **1**

(i) Daswant and Basawan

(ii) Sahibdin and Ruknudin

(iii) Mir Sayyid Ali and Abdu Samad

(iv) Miskin and Abul Hassan

(B) Which is <u>not</u> a Deccan sub-school ? **1**

(i) Golkunda (ii) Hyderabad

(iii) Bijapur (iv) Kangra

(C) Name the medium of "Radhika" made by M.A.R. Chughtai. **1**

(i) Wash and tempra on paper (ii) Oil on Canvas

(iii) Acrylic colour (iv) Gouache on paper

(घ) **अभिकथन (A) :** चित्रकूट में भरत राम से मिलते हुए पेंटिंग (चित्र) जिसके चित्रकार गुमान हैं।

**कारण (R) :** जो कि काँगड़ा स्कूल से हैं। 1

(i) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) (A) गलत है पर (R) सही है।

(iv) (A) सही है पर (R) गलत है।

(ङ) मुगल स्कूल के उस चित्र की पहचान करें जिसमें रंग, टाइपोग्राफी (लिखाई) और संतुलन का मुख्य योगदान है : 1

(i) राधा बनी–ठनी

(ii) दारा शिकोह की बारात

(iii) फलक पर बाज पक्षी

(iv) गोवर्धनधारी कृष्ण

(च) उस प्रथम कलाकार का नाम बताइए जो प्रसिद्ध था, और भारतीय कला के अपने पहले पुनर्जागरण चैंपियन और उनके चित्र 19वीं शताब्दी के अंत में उनकी पेंटिंग्स यूरोपीय शैली में भारतीय विषयों पर चित्रित की गई है। 1

(i) मकबूल फिदा हुसैन (ii) अमृता शेरगिल

(iii) राजा रवि वर्मा (iv) जामिनी रॉय

(छ) **अभिकथन (A) :** जहाँगीर ने उस्ताद मंसूर को नादिर–उल–असर (युग का आश्चर्य) नाम दिया।

**कारण (R) :** क्योंकि जहाँगीर के पास पक्षियों और पशुओं का विशेष संग्रह था जिसे वह चित्रित करता था। 1

(i) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) (A) सही है, पर (R) गलत है।

(iv) (A) गलत है, पर (R) सही है।

(D) **Assertion (A) :** Bharat meets Rama at Chitrakuta painting was painted by Guman.

**Reason (R) :** Sub school of Kangra. 1

(i) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(ii) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(iii) (A) is false but (R) is true.

(iv) (A) is true but (R) is false.

(E) Identify the painting of Mughal school in which elements like colour, typography and balance play a very important role : 1

(i) Radha Bani-thani

(ii) Marriage procession of Dara Shikoh

(iii) Falcon on A Bird-Rest

(iv) Krishna lifting mount Govardhan

(F) Name the artist who was famous and known as first Renaissance Champion of Indian Art and his paintings are upon Indian themes in European style in late $19^{th}$ Century. 1

(i) M.F. Hussain (ii) Amrita Sher-Gil

(iii) Raja Ravi Varma (iv) Jamini Roy

(G) **Assertion (A) :** Jahangir gave the title Nadir-ul-Asr (Wonder of the Age) to Ustad Mansur.

**Reason (R) :** Because Jahangir had a fine collection of exotic birds and animals and he got them painted. 1

(i) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(ii) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(iii) (A) is true but (R) is false.

(iv) (A) is false but (R) is true.

(ज) निम्नलिखित में से कौन छापा चित्रकार **नहीं** है ? 1

(i) के. लक्ष्मा गोड़ (ii) अमृता शेरगिल

(iii) ज्योति भट्ट (iv) अनुपम सूद

**खंड – ब** $5 \times 2 = 10$

**(लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न)**

प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित हैं ।

2. (a) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित सोमनाथ होरे द्वारा बनाये गये सामाजिक समस्या का वर्णन करता हुआ छापाचित्र का नाम बताएँ । अपने उत्तर में माध्यम व विषय-वस्तु का भी विस्तार से वर्णन करें । 2

**अथवा**

(b) "अनसुनी पुकार" मूर्तिकला के मूर्तिकार का नाम, माध्यम व उसमें दिखाए गए भाव का वर्णन करें ।

3. (a) इस चित्र में कृष्णजी ने बड़े पर्वत को छतरी की तरह उठाया हुआ हैं जिसके नीचे सारे ब्रजवासी शरण ले रहें हैं । 2

- चित्र व चित्रकार का नाम बताएँ ।
- संक्षेप में संयोजन व्यवस्था बताएँ ।

**अथवा**

(b) 'हज़रत निजामुद्दीन औलियाँ' एवं 'अमीर खुसरो' चित्र का माध्यम व उप-शैली बताते हुए चित्र की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन करो ।

(H) Which of the following is **Not** a printmaker ? **1**

(i) K. Laxma Goud (ii) Amrita Sher-Gil

(iii) Jyoti Bhatt (iv) Anupam Sud

## SECTION – B $5 \times 2 = 10$

**(Short answer type questions)**

Answer for these questions is expected in around **100** words.

2. (a) Identify and name the famous print from your course of study made by Artist Somnath Hore showing a social problem. Mention the medium and subject-matter in detail while giving the answer. **2**

**OR**

(b) Identify and name the Artist sculptor, medium and mention the emotions revealed in the sculpture "Cries Unheard".

3. (a) In this painting, Krishna uses the mountain like a huge umbrella under which the entire village takes refuge. **2**

- Name the painting and the artist.
- Show Compositional arrangement in short.

**OR**

(b) Write the name of the sub-school and medium used in making the painting 'Hazrat Nizamudin Auliya' and 'Amir Khusro', also explain any two main features of this painting.

4. (a) इस चित्र में कलाकार “निहालचंद” ने गहरी पृष्ठभूमि पर चमकदार रंगों से चित्र बनाया है ।

- अपने पाठ्यक्रम में से चित्र को पहचान कर चित्र का नाम व माध्यम लिखें ।
- विषय–वस्तु बताएँ । **2**

**अथवा**

(b) “कृष्ण गोपीयों के संग” चित्र की विषय–वस्तु को सफलतापूर्वक बनाने में कलाकार कहाँ तक सफल रहा ? इस चित्र के चित्रकार कौन हैं ?

5. (a) भारतीय कलाकार अमृता शेरगिल की पेंटिंग की विषयवस्तु भारतीय थी और उसका शास्त्रीय तरीका अलग था । कैसे ? विस्तारपूर्वक अपने शब्दों में समझाइए । **2**

**अथवा**

(b) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के विकास के मुख्य तीन चरणों के मुख्य वर्ष कौन से हैं और वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज को किस दिन अपनाया गया ? विस्तारपूर्वक अपने शब्दों में समझाओ ?

6. (a) अपने पाठ्यक्रम में शामिल प्रसिद्ध कलाकार रामगोपाल विजयवर्गीय के चित्र की किन विशेषताओं की आप सराहना करना चाहते हैं ? चित्र का नाम बताकर अपने पाठ्यक्रम में से चित्र की सराहना करें । **2**

**अथवा**

(b) अपने पाठ्यक्रम में शामिल जामिनी रॉय द्वारा बनाये गए चित्र का माध्यम, तकनीक बताते हुए उसकी सौन्दर्यात्मक विशेषताएँ बताएँ ।

4. (a) In this painting, artist "Nihal Chand" used bright colours with flat dark background.

- Identify and name the painting and medium from your course of study.
- Describe the subject matter. **2**

**OR**

(b) How far has the painter been successful in depicting the subject matter of "Krishna with Gopis" painting ? Who is the artist of this painting ?

5. (a) Describe the any one painting of Indian Artist Amrita Sher-Gil whose subject are Indian and painted in very classical way. Explain in your own words in detail. **2**

**OR**

(b) Which were the main years of the three main stages of the evaluation of our National Flag and when was the present Indian National Flag adopted from Constitution Assembly (date) ? Explain in your own words in detail.

6. (a) What are the qualities that you admire in the artwork made by the famous artist Ram Gopal Vijayvargiya. Identify the name and elaborate his painting from your course of study. **2**

**OR**

(b) Explain the aesthetic qualities, medium and technique used by the artist Jamini Roy while creating his artworks which are included in your course of study.

## खंड – स

### (दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

7. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों का उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित है ।

**2 × 6 = 12**

(A) भारतीय कलाकारों ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में किस प्रकार सहयोग दिया ? अवनीन्द्रनाथ टैगोर व नंदलाल बॉस के कार्यों को बताते हुए वर्णन करें । **6**

(B) इस चित्र में राधा और कृष्ण को प्रतीक के रूप में दिखाया गया है जो कि मानवीय आत्मा व परमात्मा का प्रतीक हैं । इस चित्र की उप-शैली बीकानेर है । **6**

- इस चित्र को पहचान कर चित्र व चित्रकार का नाम लिखें ।
- संक्षिप्त में विषय-वस्तु को बताएँ ।
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन करें ।

(C) जिस चित्र में शिव और सती का वर्णन है, उसे अपने शब्दों में विस्तार से वर्णित कीजिए । **6**

- कलाकार और भारतीय परंपरागत संस्कृति की विशेषताओं का वर्णन करें ।
- कलाकार ने रंगों का कितना सफल उपयोग किया है और प्रसिद्ध पेंटिंग के सौंदर्य संबंधी पहलुओं को उजागर किया है ?

---

## SECTION – C

### (Long answer type questions)

7. Attempt any **two** questions from the given options. **2 × 6 = 12**

Answer for these questions is expected in around **200** words.

(A) In what way did the Indian artists contribute to the struggle for National Independence ? Explain with special reference to the related Art works done by Abnindranath Tagore and Nandlal Bose. **6**

(B) In this painting, Radha and Krishna have been depicted symbolically in the form of human Soul and God. Sub school of this painting is Bikaner. **6**

- Identify the painting and its artist.
- Explain subject matter in brief.
- Describe compositional arrangement.

(C) Write the detailed description of the painting titled "Shiva and Sati". **6**

- Name of the artist and describe the features of Indian Traditional Culture.
- How successful has the artist been in using the colours and highlight the aesthetical aspects of this famous painting ?